# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न

## 18 मार्च, 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

**कन्वेंशन सेंटर का निर्माण करना**

***201 श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—
(क) क्या करनाल के सेक्टर-13 में स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 1.5 एकड़ की खाली भूमि पर कन्वेंशन सेंटर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति कब तक दिए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

**जलभराव की समस्या का समाधान करना**

***202 श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः—
(क) क्या यह तथ्य है कि होडल कस्बे तथा गांव रोहता पट्टी, राबिया पट्टी, धारम पट्टी, अंधुआ पट्टी, तिहा पट्टी, बसुआ पट्टी, बांसवा, सौंध, बोराका, बंचारी, गढ़ी पट्टी तथा बेडा पट्टी में गंभीर जलभराव/मृदा लवणता (सेम) के कारण हजारों एकड़ कृषि भूमि

बंजर हो गई है तथा किसान पिछले कई वर्षों से फसल उगाने में असमर्थ रहे हैं; तथा

(ख) क्या उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा कोई योजना या कार्ययोजना तैयार की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त समस्या का स्थायी समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**पुल का निर्माण करना**

***203 श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि:–
(क) क्या साढ़ौरा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में नदी के साथ लगते गांवों अर्थात् कल्याणपुर-अंतरी, रतौली, जैतपुर, राजपुर-गोहराबनी, महीउद्दीनपुर तथा नगली-32 में पुलों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

----

**स्वतंत्रता सेनानी सरदार भगत सिंह को शहीद का दर्जा देना**

***204 श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–
(क) क्या स्वतंत्रता सेनानी सरदार भगत सिंह को आधिकारिक रूप से "शहीद" का दर्जा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त दर्जा कब तक प्रदान करने की संभावना है?

----

**खेल स्टेडियम का पुनर्निर्माण/नवीनीकरण करना**

***205 सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–
(क) क्या यह तथ्य है कि पिहोवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बाखली में खेल स्टेडियम जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त स्टेडियम का पुनर्निर्माण/ नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त स्टेडियम में प्रशिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो उपरोक्त स्टेडियम में प्रशिक्षकों के रिक्त पदों को भरने का भी कोई प्रस्ताव सरकार

के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की सीमा बढ़ाना

***206 श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–
(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में ग्रुप 'सी' तथा 'डी' की सरकारी नौकरियों में पिछड़ा वर्ग के लिए 27% आरक्षण है, जिसमें से 16% पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक-ए) तथा 11% पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक-बी) के लिए है, परन्तु ग्रुप 'ए' तथा 'बी' की सरकारी नौकरियों में पिछड़ा वर्ग के लिए केवल 15% आरक्षण है, जिसमें से 10% पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक-ए) तथा 5% पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक-बी) के लिए है;

(ख) यदि हां, तो क्या ग्रुप 'सी' तथा 'डी' की तरह ग्रुप 'ए' तथा 'बी' की सरकारी नौकरियों में भी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा 15% से बढ़ाकर 27% करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) सरकार द्वारा आरक्षण की सीमा बढ़ाने की ऐसी अधिसूचना के कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

----

## रंगोई ड्रेन को पक्का तथा गहरा करना

***207 सरदार जरनैल सिंह ( रतिया):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–
(क) क्या रतिया क्षेत्र में गांव घासवा के निकट घग्गर नदी से निकलने वाली रंगोई ड्रेन को पक्का तथा गहरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## कृषि सदन का निर्माण करना

***208 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–
(क) क्या रेवाड़ी जिले में कृषि सदन के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना**

***209 श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—
(क) क्या यह तथ्य है कि गांव गदपुरी की ग्राम पंचायत सरकार की नीति के अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) की स्थापना करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लगभग पांच एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है; तथा (ख) यदि हां, तो क्या गांव गदपुरी में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या**

***210 श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2014 से जनवरी, 2026 तक राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के अंतर्गत घर निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों की वर्ष-वार तथा जिले-वार संख्या कितनी है तथा उपरोक्त अवधि के दौरान इन घरों के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि वितरित की गई है तथा कितने घरों का निर्माण किया गया है?

----

**हार्ट अटैक के कारण हुई मृत्यु का ब्यौरा**

***211 श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—
(क) वर्ष 2020 (कोविड-19 की शुरुआत) से आज तक राज्य में 18—45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की वर्षवार तथा जिला-वार संख्या कितनी है जिनकी मृत्यु हार्ट अटैक/ हार्ट फेल के कारण हुई हैं; तथा

(ख) क्या सरकार द्वारा यह पता लगाने के लिए कोई अध्ययन या सर्वेक्षण किया गया है कि इन मौतों का कोविड-19 संक्रमण या कोविड-19 टीकाकरण से कोई संबंध है; यदि हां, तो ऐसे अध्ययन/सर्वेक्षण के निष्कर्ष क्या हैं तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

----

**सड़क को चौड़ा करना तथा बाई-पास का निर्माण करना**

***212 श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि:—
(क) क्या कुरुक्षेत्र से अभिमन्युपुर (अमीन) तक सड़क को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) क्या गांव खेड़ी रामनगर में बाई-पास का निर्माण करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्तावों के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

**ऑनलाइन खरीदारी पर भारी कर लगाना**

***213 श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—
(क) क्या यह तथ्य है कि वर्तमान समय में ऑनलाइन खरीदारी की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण राज्य के छोटे दुकानदारों के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है; तथा

(ख) क्या स्थानीय छोटे खुदरा व्यापारियों को समर्थन देने के लिए ऑनलाइन खरीदारी पर भारी कर लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**राजकीय विद्यालयों का दर्जा बढ़ाना**

***214 श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—
(क) क्या आदमपुर तथा नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्रों के अंतर्गत पड़ने वाले निम्नलिखित राजकीय विद्यालयों का दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:—

(i) राजकीय उच्च विद्यालय, काबरेल;
(ii) राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, खारा बरवाला;
(iii) राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, डोभी;
(iv) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, झिड़ी;
(v) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, संजय नगर;
(vi) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बीड़ बबरान;
(vii) राजकीय उच्च विद्यालय, सारंगपुर;
(viii) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, तलवंडी बादशाहपुर;
(ix) राजकीय उच्च विद्यालय, रावतखेड़ा;
(x) राजकीय उच्च विद्यालय, पनिहार चक्क; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त विद्यालयों का दर्जा कब तक बढ़ाये जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय भवन की मरम्मत/नवीनीकरण करना

***215 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव तुम्बाहेड़ी, सुबाना, डावला, कासनी, दादनपुर, खूंगाई, पेलपा तथा मुंडाखेड़ा में स्थित राजकीय विद्यालयों के भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त विद्यालय के भवनों की मरम्मत/नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बहुतकनीकी महाविद्यालय का दर्जा बढ़ाना

***216 मो. इसराईल (हथीन):**

क्या उच्चत्तर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव उटावड़ के बहुतकनीकी महाविद्यालय का दर्जा डिग्री महाविद्यालय के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## शिक्षकों के रिक्त पदों को भरना

***217 चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) यमुनानगर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राजकीय विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है तथा इन विद्यालयों में शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है;

(ख) उपरोक्त विद्यालयों में शिक्षकों के कुल रिक्त पदों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में शिक्षक-छात्र अनुपात क्या है; तथा

(ग) क्या शिक्षकों के उपरोक्त रिक्त पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**पॉलीक्लिनिक के निर्माण कार्य को पूरा करना**

***218 श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) सेक्टर-2, बल्लभगढ़ में पॉलीक्लिनिक के निर्माण के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य आदेश कब जारी किया गया था; तथा

(ख) उपरोक्त पॉलीक्लिनिक का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**पुंडरी को उप-मंडल घोषित करना**

***219 श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि पुंडरी को उप-मंडल के रूप में घोषित करने की मांग लंबे समय से लंबित है;

(ख) उपरोक्त मांग पर सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या पुंडरी को उप-मंडल के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(घ) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

**शिक्षकों के रिक्त पदों को भरना**

***220 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि यमुनानगर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले राजकीय प्राथमिक विद्यालयों, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में जे.बी.टी / पी.आर.टी, टी.जी.टी., सी एण्ड वी तथा पी. जी. टी शिक्षकों के कुल कितने पद रिक्त पड़े हैं तथा इन रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----